# POLICE COMMISSIONERATE

# PRAYAGRAJ

## सराहनीय कार्य / प्रेस विज्ञप्ति- दिनांक 23.08.2026

### थाना सरायइनायत पुलिस टीम द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय व अतिरिक्त पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त व अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के पर्यवेक्षण में व सहायक पुलिस आयुक्त थरवई के कुशल नेतृत्व में गंगानगर-जोन के थाना सरायइनायत पर पंजीकृत मु0अ0सं0-242/2026 धारा-87 भा0न्या0सं0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अम्बुज भारतीया पुत्र शंकर लाल भारतीया निवासी ग्राम अमरसापुर थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना सरायइनायत पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-23.08.2026 को थाना सरायइनायत क्षेत्रान्तर्गत नसीरापुर रिंग रोड स्थित अण्डरपास के पास से गिरफ्तार किया गया। मुकदमा उपरोक्त से सम्बंधित पीड़िता के बयान के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-87 भा0न्या0सं0 का लोप करते हुए धारा-64(2)(m) भा0न्या0सं0 व 5(l)/6 पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा वादी मुकदमा की बहन को बहला-फुसला कर भगा ले जाने के सम्बंध में दी गयी तहरीर के आधार पर थाना सरायइनायत पर मु0अ0सं0-242/26 उपरोक्त पंजीकृत किया गया था।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

अम्बुज भारतीया पुत्र शंकर लाल भारतीया निवासी ग्राम अमरसापुर थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 23 वर्ष।

**सम्बन्धित अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0-242/2026 धारा-64(2)(m) भा0न्या0सं0 व 5(l)/6 पॉक्सो एक्ट थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 स्वामीनाथ दूबे, थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. उ0नि0 रजनीश शुक्ला, थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज।